हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

11 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति ...
12 भागवत कथा में हुई गोवर्धन पूजा









# 8 माह से सामुदायिक भवन में हो रहा स्कूल का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पनगांव/मुड़ा

बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गिंदोला में शासकीय नवीन प्राथमिक शाला का शिक्षा सत्र 2025-26 एक सामुदायिक भवन में विगत 8 माह से संचालित हो रही है।

जर्जर स्कूल भवन के स्थान पर नये भवन की मांग लगातार 3 वर्षों से अभिभावकों, शाला विकास समिति एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा रही है, लेकिन अब तक भवन स्वीकृत नहीं हुआ, जिसका खामियाजा आज स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। जर्जर भवन की स्थिति को देखते हुए विगत 8 माह से स्कूल का संचालन एक छोटे से सामुदायिक भवन मे किया जा रहा है। भवन में एक छोटा सा हाल है, उसी हाल में कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चे पढ़ाई करने मजबूर है, ना तो शौचालय की व्यवस्था है ना तो वहा पर पेयजल की व्यवस्था है। मध्यान भोजन बनाने के लिए पास मे स्थित कांजी हाउस का उपयोग किया जा रहा है। सामुदायिक भवन खुले जगह में होने के कारण सुरक्षा का अभाव है। भवन के बाहर आवारा पशु घूमते रहते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग को अनहोनी का इंतजार है।

## जपं सदस्य ने स्कूल भवन के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



### नए स्कूल भवन की मांग तेज

भवन की मांग के लिए तत्कालीन सरपंच एवं वर्तमान जनपद सदस्य घनाराम पटेल अभिभावकों द्वारा लगातार प्रयास किया गया। इस संबंध में तत्कालीन जिला कलेक्टर, डीइओ, बीइओ, बीआरसीसी, सीएससी को भी आवेदन के माध्यम से नये भवन की मांग की गई, किंतु अभी तक स्कूल भवन स्वीकृत नहीं हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में शासन प्रशासन की उदासीनता एवं निष्कृयता के कारण बच्चों के भविष्य संकट में इस प्रकार के रवैये पर अभिभावकों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। क्षेत्र के जनपद सदस्य घनाराम पटेल, सदस्य शिक्षा समिति एवं पूर्व सरपंच गिंदोला के द्वारा 9 मार्च को कलेक्टर कुलदीप शर्मा के समक्ष उपरोक्त समस्याओं को अवगत कराते हुए शीघ्र नये स्कूल भवन की मांग की है, ताकि स्कूल संचालन सुचारू और सुव्यवस्थित रूप से चल सके।

## खबर संक्षेप

### गौरीशंकर को सामुदायिक भवन लोकार्पण का न्योता



सेल। ग्राम पंचायत हटौद में नवनिर्मित पटेल समाज सामुदायिक भवन के लोकार्पण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन 20 मार्च को होगा।

### हिंदू नववर्ष पर निकाली जायेगी श्रीराम शोभायात्रा

**खरोरा**। ग्राम कठिया नंबर एक में इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष पर 19 मार्च को धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामवासी शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. हरीश वर्मा ने बताया कि रात्रि 8 बजे से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से प्रतिभागी भाग लेने आते हैं।

### मोहेरगा-हिरमी मार्ग की धूल से ग्रामीण परेशान



**खरोरा**। रायपुर जिले के ग्राम मोहेरगा से हिर्मी तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर उड़ती धूल से आसपास के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण भारी वाहनों के गुजरते ही धूल का गुबार उठने लगता है। इस मार्ग से गुजरने वाले ग्राम खौली डाबरी, भरुवांडीह कला और मोहेरगा के लोगों को धूल के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि दिनभर वाहनों के आवागमन से वातावरण में धूल-मिट्टी फैल जाती है, जिससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मोहेरगा से हिरमी तक मुख्य मार्ग पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए, ताकि उड़ती धूल से लोगों को राहत मिल सके और आवागमन करने वालों को परेशानी न हो।


### सिवनीकला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सिर्री**। ग्राम सिवनीकला में श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं धर्मप्रेमी परिवार सिवनीकला के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गौशाला मैदान भागवत कथा स्थल में 13 मार्च शुक्रवार को रखा गया है। विशेषज्ञ विभिन्न रोगों का इलाज कर उचित परामर्श देंगे। लंदन से प्रशिक्षित डॉक्टर्स भी शिविर में सेवाएं देंगे।

## चेकडेम में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

कसडोल थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोतीपुर में युवक के नाला में डूबने से मौत हो गई। मृतक का लाश नाले के पानी में मिली। गुरुवार को दोपहर को करीबन 3 बजे मोतीपुर से आमाखोहा पहुंच मार्ग स्थित पर चेकडेम नाला में मछली पकड़ने जाल लेकर निकला था। नाला में मछली पकड़ने के लिए उतर रहा था इसी दौरान युवक के फिसलने से चेकडैम में डूबने से मौत हो गई।



मृतक युवक जितेंद्र कुमार यादव 29 पिता रवि यादव रोज की तरह बकरी चराने गया था। बकरी चराकर अपने घर से मछली जाली पकड़कर नाला में मछली पकड़ने निकला था। इसी दरम्यान मछली पकड़ने के लिए पचरी से नीचे उतर रहा था। अनियंत्रित होकर फिसलकर नाला में डूब गया। उसके पिता गांव शादी कार्यक्रम में गया था। उसके बेटे की सूचना पर तुरंत घर आया। सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार ध्रुव और कोटवार ने घटना की सूचना थाना में दर्ज करायी, जहां कसडोल पुलिस घटना स्थल पहुंचकर पूछताछ में जुटी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल भिजवाया गया। 13 मार्च को पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## मनमानी : राहगीरों से 30 से 150 रुपए तक लिए जा रहे

# महानदी में अस्थायी रपटा बनाकर अवैध टोल वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में महानदी के बीच अस्थायी रपटा बनाकर राहगीरों से अवैध टोल वसूली का मामला सामने आया है। नदी के दोनों छोर को जोड़ने के लिए मिट्टी और मुरूम डालकर बनाए गए इस अस्थायी मार्ग पर नाका लगाकर आने-जाने वाले लोगों से खुले पैसे वसूले जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा मामला प्रशासन की आंखों के सामने चल रहा है और पर्यावरण नियमों की भी अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वाहन चालकों से 30 रुपये से लेकर 150 रुपये तक की वसूली की जा रही है, जबकि इसके बदले किसी प्रकार की रसीद भी नहीं दी जाती।

इस पूरे मामले में एक स्थानीय जनपद पंचायत सदस्य का नाम भी सामने आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके संरक्षण में ही यह अवैध वसूली का खेल संचालित हो रहा है।

पर्यावरण नियमों के अनुसार किसी भी नदी के भीतर निर्माण कार्य करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति आवश्यक होती है और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नियमों के तहत बिना अनुमति नदी में निर्माण प्रतिबंधित ▶▶ शेष पेज 11 पर

### दोपहिया-चारपहिया चालकों से उगाही



### पैसर-छेछर के बीच नदी पार करने पर लग रहा अवैध टैक्स

जानकारी के अनुसार मामला बलौदाबाजार और कसडोल विकासखंड के पैसर व छेछर गांव के बीच बहने वाली महानदी का है। यहां नदी के बीच मिट्टी डालकर अस्थायी रपटा तैयार किया गया है, जिससे होकर स्थानीय लोग नदी पार कर रहे हैं। इसी रपटा पर कुछ लोगों द्वारा अवैध नाका लगाकर दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं।

## खाद्य विभाग की दुकानों में दबिश, 5 गैस सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न होटलों, ढाबों और कैंटीनों में आकस्मिक दबिश दी। इस कार्रवाई से नियम विरुद्ध गैस इस्तेमाल करने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है।



कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा के नेतृत्व में जिले में खाद्य विभाग़ द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर घरेलू गैस सिलेण्डर के व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने होटल, ढाबा, केन्टीन आदि प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा बलौदाबाजार के बिरयानी सेंटर 1 नग, आकाश भोजनालय 1, गढ़ कलेवा 1, मुस्कान टी स्टाल 1 एवं देवांगन बिरयानी से 1 कुल 5 नग घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किया गया।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग कर खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही थी। प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाया गया जो कि द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दण्डनीय है।

## पुलिस ने 17 लोगों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी खरोरा निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में क्षेत्र में व्यापक कॉम्बिंग गश्त की गई।



इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सक्रिय गुंडा-बदमाशों, असामाजिक तत्वों, अवैध शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों तथा फरार वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 17 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई, 2 गिरफ्तारी वारंट तामील, तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 2 प्रकरण दर्ज किए गए। प्रतिबंधित धाराओं के तहत मनोज साहू पिता बिसहत साहू निवासी भैंसा, त्रिपाल वर्मा पिता दुखहरण वर्मा निवासी ग्राम भैसा, अभिषेक कुर्रे पिता अनिल कुर्रे निवासी खरोरा, इमरान हसन पिता साहिद खान खरोरा, एस. कुमार उर्फ गजनी पिता मंथीर साहू निवासी खरोरा, रियाज खान पिता शेख रिजवान निवासों खरोरा, होरा चेलक पिता बाबूलाल चेलक निवासी ग्राम चकवे, चंदन गायकवाड़ पिता सुकलाल गायकवाड़ ग्राम चोरभट्ठी, सुरेश चेलक पिता डोमार चेलक ग्राम चकवे, घनश्याम चेलक पिता बांबूलाल चेलक ग्राम चकवे, दिलीप यादव पिता सीताराम यादव ग्राम कोसरंगी, प्रेमलाल मनहरे पिता बुधारी मनहरे ग्राम चोरभट्ठी, दिलेश्वर घृतलहरे पिता कन्हैया लाल घृतलहरे ग्राम रसौटा, बाबूलाल घृतलहरे पिता पिलकू घृतलहरे ग्राम रसौटा भारती ग्राम चकवे, गोपीदास चंद्रदास पिता माखुम चंद्रदास ग्राम कोसरंगी, आकाश कुर्रे पिता पंचराम कुर्रे ग्राम रसौटा। इसी प्रकार गिरफ्तारी ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 45 लीटर महुआ शराब जब्त, 1200 किलो महुआ लाहन किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 81 हजार के अवैध महुआ शराब एवं महुआ लाहन जब्त किया।

जानकारी के अनुसार कसडोल वृत्त के अंतर्गत आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी श्याम पटेल हाल मुकाम ग्राम सैहाभाटा थाना कसडोल के कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 9 हजार होना पाया गया। 30 किलो क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी की 40 बोरी में 1200 किलो महुआ लाहन को नष्ट किया। महुआ लाहन का बाजार मूल्य 72 हजार रूपये होना पाया गया। आरोपी श्याम पटेल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) (च), 34(2), 59(क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई में सहायक आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, पी.माधव राव, विनोद कुमार बांधे, नगर सैनिक कमल वर्मा, दुर्गेशवरी कुर्रे एवं राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

# कलेक्टर ने पेड़ के नीचे लगाई चौपाल, सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को विकासखण्ड भाटापारा भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत तरेंगा में पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने ग्रामीणों की मांगो और शिकायत का त्वरित निराकरण के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये।

ग्रामीणों ने मिडिल स्कूल में शिक्षकों के विलम्ब से पहुंचने और बच्चों पर नियंत्रण की कमी तथा शाला विकास समिति की बैठक व फण्ड की पारदर्शिता की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को फ़ोन पर निर्देशित किया कि कल ही बीईओ और बीआरसी को स्कूल भेजकर स्कूल की व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। इसीतरह प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, पहुंच मार्ग की समस्या का भी जल्द निराकरण के निर्देश दिये।



इसके पश्चात कलेक्टर ने टीटीसी लाइब्रेरी परिसर में पीपल पौधे का रोपण किया वहीं लाइब्रेरी भवन के पास मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत सोखता गड्ढा निर्माण में श्रमदान कर लोगों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उप सरपंच की मांग पर लाइब्रेरी में अतिरिक्त क्रक्ष निर्माण हेतु जनपद सीईओ को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम के नवनियुक्त पुलिस आरक्षको को शुभकामनायें दी और यहां बनाये गए जिम सेंटर की भी सराहना किये। इस दौरान सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहीत अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कलेक्टर और नपा अध्यक्ष ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर दिलाने एवं समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये।



कलेक्टर व नगर पालिका अध्यक्ष ने राशन कार्ड एवं पेंशन शाखा के निरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का जायजा हेतु पंजी का अवलोकन किये। उन्होंने निराकरण में विलम्ब का कारण पूछते हुए समय पर निराकरण करने के निर्देश दिये। इस तरह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास स्वीकृत करने कहा। इसके साथ ही स्वच्छता में भी बेहतर काम करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात रोकड़ अनुभाग, राजस्व अनुभाग,आधार पंजीयन आदि क्रक्ष का निरीक्षण कर जरुरी निर्देश दिये। इस दौरान इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम

## 140 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ग्राम कारी में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 3 शराब कोचियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर की, जिसमें आरोपी रंगे हाथों पकड़ाये। उनके कब्जे से 140 लीटर हाथ महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत 28,000 रुपए आंकी गई।

आरोपियों से अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त 02 बाइक भी जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों में 59 वर्षीय शंकर पुरैना, 35 वर्षीय अखिलेश डहरिया और 40 वर्षीय परमेश्वर डहरिया निवासी ग्राम कारी थाना लवन शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।







# प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल, कई बड़े राज्यों को पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के क्रियान्वयन की फरवरी की स्टेट-वाइज राष्ट्रीय रैंकिंग में छत्तीसगढ़ ने बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। राज्य ने अन्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। जारी रैंकिंग के अनुसार छत्तीसगढ़ ने 93.37 प्रतिशत नामांकन, 83.87 प्रतिशत स्वीकृति दर और 93.95 प्रतिशत शिकायतों के त्वरित समाधान के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वहीं 30 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों की दर मात्र 7.07 प्रतिशत और लंबित शिकायत दर 4.96 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मैदानी अमले को बधाई देते हुए कहा, राज्य सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ का प्रथम स्थान इस दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही छत्तीसगढ़ आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा, सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय, प्रतिबद्धता और समयबद्ध कार्यशैली के परिणामस्वरूप ही राज्य यह मुकाम हासिल कर पाया है।

## मुख्यमंत्री और मंत्री राजवाड़े ने दी बधाई




छत्तीसगढ़ ने पिछले माह की तुलना में 6 स्थानों की छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया

### 72 करोड़ 24 लाख हितग्राहियों के खाते में अंतरित

मंत्री राजवाड़े ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग भविष्य में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस प्रथम स्थान को बनाए रखेगा तथा प्रदेश की प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाएगा। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक प्रदेश में 1,86,586 गर्भवती महिलाओं का प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पंजीकरण किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 72 करोड़ 24 लाख 89 हजार रुपये की राशि सीधे पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश मीडिया टीम की घोषणा, सहसंयोजक, प्रवक्ता और पैनलिस्ट नियुक्त

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय ने मीडिया टीम का पुनर्गठन करते हुए नई नियुक्तियां की हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी द्वारा यह सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार प्रदीप साहू, गोविन्दा गुप्ता और राहुल राय को प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। वहीं पार्टी ने प्रदेश स्तर पर 10 प्रवक्ताओं की नियुक्ति भी की है, जिनमें गौरीशंकर श्रीवास, मुकेश शर्मा, अनुराग अग्रवाल, राजीव चक्रवर्ती, सुनील चौधरी, जसविंदर बग्गा, रविन्द्र सिंह, वैभव बैंस, तौकीर रजा और उमेश घोड़मोड़े शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी ने मीडिया पैनलिस्ट की सूची भी जारी की है। मीडिया पैनलिस्ट के रूप में राजू नेताम, गोपाल बिष्ट, दयावंत धर बांधे, डॉ अनामिका सिंह. रितेश मोहरे, निशिकांत पांडेय, वात्सलय मूर्ति, गंदर्भ पाण्डेय, प्रियदर्शिनी दिव्य, पीयूष मिश्रा और संतोष दास को जिम्मेदारी दी गई है।

### रूपेश बने साहू समाज न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के



उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया है। जिसमें न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक रूपेश साहू को बनाया गया है, जबकि युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी शशिकांत साहू को दी गई है। इसके अलावा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजकुमार साहू, सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ के संयोजक लीलाधर साहू तथा साहित्य सृजन प्रकोष्ठ के संयोजक माखन राम साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं किसान प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी चोवा राम साहू को दी गई है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक दिव्या कलिहारी और आईटी सेल प्रकोष्ठ के संयोजक द्वारिका साहू बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने सभी नवनियुक्त संयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि वे निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाजहित में संगठन को नई दिशा और गति देंगे।

### सुधीर बने प्रदेश कार्यालय मंत्री

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी



झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ ने सुधीर दुबे को प्रदेश कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### संत बाबा गेलाराम साहेब का जन्मोत्सव आज

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा गेलाराम साहेब का 96वां जन्मोत्सव 12 मार्च को धूमधाम, श्रद्धा, हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से व महंत मीरा अम्मा देवी के सानिध्य में होगा। महंत अम्मा मीरा देवी द्वारा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे स्वल्पाहार व प्रसाद वितरित किया जाएगा।

#### ग्रीन गुफा के समर्थन में वन विभाग ने हाईकोर्ट में दाखिल शपथ पत्र के साथ अटैच अपनी ही रिपोर्ट में फंसा

# पैसे कमाने वन विभाग ग्रीन गुफा को कोटमसर की तरह शो-केव बनाने की कोशिश कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के वन विभाग के अफसर कांगेर वैली में ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोलने जी जान से जुटे हुए हैं। ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोले जाने के खिलाफ पर्यवरण प्रेमियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रीन गुफा को आम पर्यटकों के लिए खोलने हाईकोर्ट में शपथ पत्र के साथ एंबिएंस साइंस की नेशनल केव रिसर्च एंड प्रोटेक्शन आर्गेनाइजेशन इंडिया की रिपोर्ट पेश की है। एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट में कोटमसार को लेकर टिप्पणी की गई है। इसमें उल्लेख किया गया है कि कोटमसर को वन विभाग के अफसरों ने पैसा कमाने के लिए शो केव बना दिया है।

हाईकोर्ट में पेश एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कांगेर वैली नेशनल पार्क में कई खूबसूरत गुफाएं हैं। मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद ये गुफाएं टूरिस्ट के लिए खास जगह बन गई हैं और उनमें से कुछ को टूरिस्ट के लिए शो केव में बदल दिया गया है, जिससे बहुत ज़्यादा कमाई होती है। बदकिस्मती से, गुफा के अंदर इंसानों के बढ़ते दबाव ने न सिर्फ इसके ईको सिस्टम को खराब किया है, बल्कि इसकी बायोडायवर्सिटी को भी खत्म कर दिया है।




### पानी आने के रास्ते को किया बंद

बारिश के दिनों में ग्रीन गुफा के अंदर तेजी से पानी अंदर घुसता है। एंबिएंस साइंस की रिपोर्ट के अनुसार वन विभाग के अफसरों ने ग्रीन गुफा के पास एक वेलकम गेट बनाया है और उसके बेस पर दो सीमेंट कंक्रीट की सीढ़ियां बनाई हैं। यह स्ट्रक्चर (सीढ़ियां) गुफा में बारिश के पानी के नैचुरल फ्लो को रोकेगा। ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि बारिश का पानी गुफा में न जाए और मानसून के बाद ग्रीन केव को जल्द से जल्द विजिटर्स के लिए फिर से खोला जा सके।

### कई बायोटिक कम्पोनेंट्स इस गुफा में आते हैं

रिपोर्ट्स के अनुसार ग्रीन केव में बहुत सारी बायोडायवर्सिटी है, क्योंकि इसका एंट्रेंस चौड़ा है, इसलिए कई बायोटिक कम्पोनेंट्स इस गुफा में आते हैं जो आखिर में इस गुफा के जानवरों की स्पीशीज को सपोर्ट करते हैं। कांगेर वैली नेशनल पार्क की दूसरी गुफाओं में देखी गई कुछ आम कैवर्निकोल्स स्पीशीज के अलावा। दिलचस्प बात यह है कि इस ग्रीन केव में, मेगाडर्मा लायरा की एक कॉलोनी मिली थी और यह स्पीशीज कांगेर वैली नेशनल पार्क की किसी भी गुफा में नहीं देखी गई थी। मेगाडर्मा लायरा एक मांसाहारी चमगादड़ है जो आमतौर पर दूसरे चमगादड़ों, छोटे पक्षियों, रेप्टाइल्स, मछलियों और बड़े कीड़ों का शिकार करता है। इस तरह, यह बहुत साफ है कि इस चमगादड़ को ग्रीन केव में न सिर्फ पनाह मिल रही है, बल्कि वह आसानी से अपना शिकार भी कर रहा है।

### विभागीय अफसर की विरोधाभाषी रिपोर्ट

*दो माह पूर्व 18 जनवरी को जब सीढ़ियों का कंस्ट्रक्शन चल रहा था तब पीसीसीएफ (मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन) कौशलेंद्र कुमार ग्रीन केव साइट का इंस्पेक्शन करने गए थे। अफसर ने अपने इंस्पेक्शन नोट में लिखा है कि उन्हें एक फॉरेस्ट गाईस ने बताया कि ग्रीन केव भालुओं का घर है। उन्होंने ग्रीन केव को उसकी नेचुरल कंडीशन में बचाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि ग्रीन केव को टूरिस्ट के लिए खोलना सही नहीं होगा। इसके बाद, 29 जनवरी को अफसर ने अपनी सिफारिशें इंद्रावती टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर के साथ चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरुण पाण्डेय को भेजी।*

### वाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट में अपराध है

*राष्ट्रीय तथा संरक्षित वनक्षेत्र में वन्यजीवों के रहवास क्षेत्र के साथ बायोडायवर्सिटी में किसी तरह की छेड़छाड़ करने के साथ ही वन्य जीव के आवास क्षेत्र में निर्माण करने पर रोक है। इस तरह के कृत्य करने पर वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट की सेक्शन 35(6) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।*

# दिल्ली में अमृत मित्र महोत्सव छग की 75 महिलाएं रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और महापौर मीनल चौबे ने बुधवार को रायपुर रेल्वे स्टेशन से छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरीय निकायों की स्वसहायता समूहों की 75 महिलाओं को रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी महिलाएं 13 मार्च को भारत मंडपम नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में शामिल होंगी।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिये यह गौरव का विषय है कि, अमृत मित्र महोत्सव में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों से 75 स्व-सहायता समूहों के महिलाओं द्वारा भाग लिया जा रहा है। इनमें रायपुर नगर पालिक निगम से 15 महिलाएं, बिलासपुर नगर पालिक निगम से 15 महिलाएं, लोरमी नगर पालिका से 15 महिलाएं, मुंगेली नगर पालिका से 15 महिलाएं, रतनपुर नगर पालिका से 7 महिलाएं एवं कोटा नगर पंचायत से 8 महिलाएं भाग लेंगी। महिलाओं के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गयी है।

श्री साव ने बताया कि अमृत मित्र महोत्सव में देश के सभी प्रदेशों से कुल 1 हजार स्व-सहायता समूह की महिलाएं भाग लेंगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, सूडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, उपायुक्त अमृत मित्र योजना जसदेव सिंह बाबरा सहित छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण एवं नगर पालिक निगम रायपुर के अन्य संबंधित अधिकारियों, रेलवे अधिकारियों, रेलवे पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## महिला दिवस पर ट्रैफिक सिपाही पुष्पा का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक की धर्मपत्नी परमजीत कौर जुनेजा ने रायपुर की लेडी सिंघम कहलाने वाली तेजतर्रार महिला ट्रैफिक सिपाही पुष्पा सोनी को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मनित किया। ज्ञात हो कि आम राहगीरों को ट्रैफिक नियम का पालन करने उन्हें सीख देकर अपने कार्य के प्रति सजग रही हैं। सोनी ने इस सम्मान से जुनेजा सहित पूरे राजधानीवासियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही हमेशा सहयोग की अपील की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय सोनी, कमल धृतलहरे, सत्तू सिंह, सुशांत डे, मिलिंद गौतम, रूबल मेहता, युधिष्ठिर नायक, गुलाब माखीजा, सेवक महानंद, सागर तांडी, मकरंद तांडी, विजय सिक्का, आकाश नाग सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### चेट्रीचंड्र पर्व पर एक सजीव नाटक मंचन 13 को

**रायपुर।** चेट्रीचंड् के पावन पर्व के अवसर पर सामाजिक संस्था एक पहल' और द्वारा मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में 13 मार्च को एक सजीव नाटक मंचन का आयोजन किया जा रहा है जिसका नाम है और मुहिंजा झूलेलाल। यह कार्यक्रम मुंबई की प्रसिद्ध नाट्य संस्था सिंधु सखा संगम द्वारा आयोजन किया जाएगा। यह नाट्य मंचन शाम 6 से 9 बजे तक किया जाएगा। इस नाट्य मंचन में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष सुशील वाधवानी एवं प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया पिछले 2 महीने से लगातार तैयारियां की जा रही है।

## भक्त माता कर्मा की खंडित प्रतिमा की निगम ने ली सुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के तेलघानी नाका चौक में स्थापित साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की अनदेखी और उसके खंडित होने को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने गांधी सदन में सामान्य सभा के दौरान यह मामला जोर-शोर से उठाया था। सदन में प्रतिमा की खंडित हुए फोटो दिखाते हुए सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया। इसके बाद भी 6 माह बीतने पर शहरी सरकार ने भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की सुध नही ली। इस पर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने 28 फरवरी को एक बार फिर निगम प्रशासन को आगाह करते हुए चेतावनी दी कि जल्द यदि भक्त कर्मा माता की प्रतिमा में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

### नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सदस्यों ने सीएम से की मुलाकात, विधानसभा का किया भ्रमण

**रायपुर।** हाल ही में नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया। क्लब के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण कर क्लब के सदस्यों ने राजिम विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में



विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री सभा कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री में नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# ऑयल कंपनी के एसईआरपीएल में लगी भीषण आग, टैंक की छत उड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### अग्निशमन दलों ने 20 मिनट में पाया काबू



इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एसईआरपीएल रायपुर परिसर में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा से निपटने की तैयारियों का आकलन करने के लिए बुधवार को जिला स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान ऑयल कंपनी के ऑयल टैंक में ओवरफ्लो होने से भीषण आग लगने के बाद टैंक की छत उड़ जाती है जैसी घटना घटित होने पर बनने वाली स्थिति से कैसे निपटा जाए। इसका अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में जिला प्रशासन तथा विभिन्न आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मॉक ड्रिल की शुरुआत दोपहर 12:18 बजे एमएस ट्रांसमिक्स टैंक से उत्पाद के ओवरफ्लो की परिकल्पित स्थिति से की गई, जिसके बाद लेवल-1 आपातकाल घोषित किया गया। उत्पाद की निकासी के दौरान 12:24 बजे काल्पनिक आग लगने की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे लेवल-2 आपातकाल घोषित किया। स्थिति के और गंभीर होने पर टैंक की छत उड़ जाने की काल्पनिक स्थिति मानते हुए 12:31 बजे लेवल-3 आपातकाल घोषित किया। इसकी सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने मौके पर कमान संभाली और तत्काल अग्निशमन दलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12:40 बजे तक आग पर नियंत्रण पा लिया। इसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण होने के बाद जिला प्रशासन ने दोपहर 1:10 बजे 'ऑल क्लियर' घोषित कर मॉक ड्रिल का सफल समापन किया।

इस मॉक ड्रिल में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, एडीएम रायपुर उमाशंकर बंदे, प्रभारी अधिकारी राहत शाखा एवं डिप्टी कलेक्टर उपेन्द्र किण्डो, एसडीएम आरंग अभिलाषा पैंकरा, सीएसपी माना, तहसीलदार ज्योति मसियारे एवं नायब तहसीलदार आरंग, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अधिकारी, जिला चिकित्सा टीम, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं आपातकालीन दल उपस्थित रहे।

## दो साल से फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

वर्ष 2024 में हुई मारपीट मामले के तीन आरोपी न्यायालय में पेश न होकर फरार चल रहे थे। न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिल करते हुए केरेगांव पुलिस ने फरार तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल दाखिल किया है।

पुलिस के अनुसार जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामिली सुनिश्चित करने एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में केरेगांव थाना ने लगातार पतासाजी करते हुए अपराध क्रमांक 53/24 धारा 296बी, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के प्रकरण में कार्रवाई की है। उक्त प्रकरण वर्ष 2024 के मारपीट से संबंधित है। आरोपी न्यायालय से वारंट जारी किए जाने के बावजूद



न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। केरेगांव पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी कर न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिली करते हुए तीनों आरोपी कल्याण सिंह बंजारे पिता रामसाय उम्र 60 वर्ष, पत्नी जानकी बाई बंजारे उम्र 50 वर्ष व पुत्र ओंकार बंजारे 32 वर्ष तीनों ग्राम सलोनी थाना केरेगांव निवासी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## कल से दो दिवसीय 'आदि परब-2026' का आयोजन, 6 राज्यों के कलाकार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की परिकल्पना और निर्देश पर 13 और 14 मार्च को नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 'परम्परा से पहचान तक'-आदि परब-2026 का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी टीआरटीआई में विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और प्रशिक्षण संस्थान के संचालक हिना अनिमेष नेताम ने दी।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत "आदि-



परिधान जनजातीय अटायर शो" का आयोजन 13 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 8 बजे तक और 14 मार्च को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। आयोजन में राज्य की 43 जनजातीय समुदायों की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक विशेषताओं को पहली बार एक ही मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्राकृतिक रंगों, स्थानीय संसाधनों और हाथों से बने वस्त्रों से तैयार ये परिधान जनजातीय जीवन शैली और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश देंगे।

### यूपीएससी में चयनित जनजातीय युवाओं का होगा सम्मान

*कार्यक्रम के दौरान संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में छत्तीसगढ़ से आदिम जाति विकास विभाग की योजनाओं के सहयोग से चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी डायमंड सिंह ध्रुव और अंकित साकनी का सम्मान किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर 'प्रयास' संस्थान के विद्यार्थियों को विभागीय योजनाओं के तहत लैपटॉप भी वितरित किए जाएंगे।*

# घर पर बेहोश पड़ा मिला युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- हार्ट अटैक की आशंका

राजस्थान से कमाने खाने के लिए आया युवक किराए के मकान में अचेत पाया गया। अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार जस्साराम जाट पिता खियाराम उम्र 43 वर्ष ग्राम जाखडौली जोधपुर राजस्थान का रहने वाला था।

युवक कमाने खाने के लिए धमतरी आया था। वह शांतिघाट के पास किराए के मकान में रहकर ट्रेक्टर चलाने का काम करता था। युवक ने बुधवार की सुबह तबीयत ठीक नहीं होने की जानकारी दी। पत्नी को दर्द की दवाई लेना भी बताया। कुछ समय बाद उसकी पत्नी ने तबीयत पूछने के लिए पति को फोन लगाया लेकिन पति की तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। दोपहर बाद पत्नी ने दोबारा पति को फोन लगाया। इस बार जस्साराम का फोन किसी अन्य व्यक्ति ने रिसीव किया। उसने जस्साराम की मौत हो जाने की जानकारी दी।



सूचना पर वरदान संस्था की टीम ने युवक को अचेत हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के छोटेभाई राजूराम व अन्य परिजनों के आने के बाद चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत हार्टअटैक से होने की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से युवक की मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## खबर संक्षेप

### कफ सिरप की तस्करी एक गिरफ्तार

**सरायपाली।** कफ सिरप का अवैध परिवहन कर रहे एक बाइक सवार को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा नशीली दवाओं के अवैध तस्करी पर नियंत्रण व प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी बीच सूचना मिली कि बाइक क्रमांक ओआर 15 एम 1143 में अवैध कप सिरप लाया जा रहा है। पुलिस ने रेहटीखोल पहुंच कर उक्त बाइक को रोका। पूछताछ में वाहन चालक नेअपना नाम मोहम्मद रियाज पिता मोहम्मद ताज (46 साल) मोतीझरन थाना धनुपाली जिला संबलपुर हाल निवास वार्ड नंबर 15 माता दरबार फोगुलाल सोनवानी के मकान बसना होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 27 नग कफ सिरप कीमत 5492.88 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सोनी समाज का होली मिलन आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज धमतरी द्वारा 13 मार्च शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक स्वर्णकार समाज भवन ब्राह्मणपारा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। अतिथि पार्षद कोमल सार्वा, कुलेश सोनी होंगे। अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने समाजजनों से पस्थिति की अपील की है।

### जरही माता मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन शुरू

**धमतरी।** ग्राम सांकरा स्थित प्रसिद्ध जरही माता मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान प्रज्वलित किए जाने वाले ज्योति कलश के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के अनुसार तेल ज्योति कलश के लिए 801 रुपये और घी ज्योति कलश के लिए 1801 रुपये की पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। इच्छुक श्रद्धालु 18 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। भक्तजन दीपचंद साहू से संपर्क कर राशि जमा कर सकते हैं।

## पेज 9 के शेष

### महानदी में अस्थायी ...

है। इसके बावजूद महानदी के बीच मिट्टी डालकर रपटा बना दिया गया है।बताया जा रहा है कि इससे पहले भी इसी स्थान पर रपटा बनाकर अवैध वसूली की शिकायत सामने आई थी, जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई की थी। हालांकि अब फिर से उसी तरह की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन की नजर इस पूरे मामले पर कब पड़ेगी और महानदी के बीच अवैध रपटा बनाकर हो रही वसूली पर कब रोक लगेगी।

### पुलिस ने 17...

वारंट भी तामील किए गए। जसवंत साहू पिता थानूराम साहू ग्राम असौदा थाना खरोरा, वीरेंद्र यादव पिता डोमार यादव निवासी ग्राम बिठिया थाना खरोरा जिला रायपुर पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि क्षेत्र में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# जिले के प्रभारी सचिव ने पीएम श्री स्कूल का किया निरीक्षण

## अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले के प्रभारी एवं स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज भाटापारा स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने 4 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजनें एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा भी उपस्थित थे।

प्रभारी सचिव ने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की संख्या, विद्यार्थियो की संख्या व उपस्थिति सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिक कशाओ में ड्राप आउट की संख्या अधिक होने पर इसे कम करने कहा। इसके साथ ही स्कूल मैदान में पौधारोपण, मुख्य प्रवेश द्वार में स्कूल के नाम का बोर्ड लगाने ,एसी के आउट डोर यूनिट को खिड़की से बाहर लगवाने, शौचालय की साफ - सफाई के भी निर्देश दिये। उन्होंने प्रयोशाला क्रक्ष, कम्प्यूटर प्रयोग शाला लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ खेल- कूद भी जरुरी है। खेलकूद मानसिक रूप स्व भी फिट रखता है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।





### कैरियर के बारे में जानकारी

प्रभारी सचिव ने 9 वीं एवं 11 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाई, खेलकूद एवं कैरियर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगला साल बोर्ड परीक्षा का रहेगा। गर्मी की छुट्टी में अगली क्लास की तैयारी शुरू कर दें। इसके साथ ही किस क्षेत्र में कैरियर बनाना है उसकी भी तैयारी करे।

## समस्या : सबसे ज्यादा पानी की समस्या ई डब्ल्यू एस सेक्टर में

# हाउसिंग बोर्ड में पेयजल के लिए बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

बलौदाबाजार विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी स्थित हाउसिंग बोर्ड के रहवासी इन दिनों पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड कालोनी 2013 में तैयार हुई थी, किन्तु आज भी पेयजल जैसी सुविधाएं निरंतर नहीं मिल पा रही है। हाउसिंग बोर्ड में सुविधाओं का लाभ मिलेगा यह सोचकर ही लोगों द्वारा प्लाट खरीदे गये हैं। लेकिन पेयजल के लिये हालात इतने बिगड़ गये है कि दोपहिया वाहनों में यहां से करीब 800 मीटर दूर नर्सरी के पास लगे बार से पानी ला रहे हैं। जिससे कालोनीवासियों में त्राहि-त्राहि मचा हुआ है। सबसे ज्यादा पानी की समस्या ई डब्ल्यू एस सेक्टर में बनी है। कालोनीवासियों ने बताई अपनी समस्या ई डब्लू एस सेक्टर से विजय डहरिया, डगेशवर वर्मा, लक्ष्मी चौबे, घनश्याम वर्मा, राजेश वर्मा, राधिका सिन्हा, नरेश सोनवानी, जितेन्द्र सिंह परिहार, शशि विश्वकर्मा, शुभम ध्रुव, राजू डोबले, हेकर्माकर शिवनंदन भार्गव ने बताया की दो सप्ताह से पानी के लिये जूझ रहे है पाईप खराब बताया जा रहा है किंतु अभी तक मरम्मत नही किया गया है। गर्मी की शुरुआती दिनों में पानी की यह समस्या है तो आने वाले गर्मी में स्थिति क्या होगी हम सभी सोचने पर विवश हो गए हैं। पुरुषों ने बताया कि दो पहिया वाहनों में डब्बा के माध्यम से नर्सरी के पास लगे बोर में से पानी ला रहे है। दूर होने के कारण बहुत ही समस्या हो रही है। पानी की समस्या की जानकारी देने के बावजूद कोई ध्यान नही दे रहा है। महिलाओं ने बताया कि पांच दस मिनट पानी आने के बाद नल बंद हो जा रहा है।






### दूर-दूराज से जाकर पानी लाने विवश है लोग

कालोनीवासियों को निरंतर पानी मिलनी चाहिये जो नहीं मिल पा रहा है। दूर-दूराज से जाकर पानी लाने विवश है। प्रयास जन विकास समिति छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अर्जुनी अटल विहार कॉलोनी के अध्यक्ष आर एन तिवारी ने बताया कि 2013 में कालोनी तैयार हुआ था किन्तु आज भी सुविधाओं की कमी है। पानी की व्यवस्था के लिये हाउसिंग बोर्ड ऑफिस जाकर कई बार समस्याओ पर पत्र दिया जा चुका है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वही गार्डन सहित अन्य कार्य भी अधूरा है। हर बार की तरह इस बार भी गर्मी की दिनों में पेयजल की समस्या बनी हुई है।

# भालेसुर में आज से तीन दिवसीय रामायण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

ग्राम भालेसुर में श्रद्धा और भक्ति के साथ त्रि-दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 13 मार्च शुक्रवार से प्रारंभ होकर 16 मार्च को विधिवत समापन एवं विसर्जन के साथ संपन्न होगा। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा रामचरितमानस का सस्वर पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 13 मार्च को रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। इसके बाद 14 एवं 15 मार्च को दिनभर अलग-अलग मानस मंडलियों द्वारा रामायण पाठ एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। समिति ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली प्रत्येक मानस मंडली को प्रोत्साहन राशि 601 रुपये प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के अनेक दानदाताओं एवं ग्रामीणों ने सहयोग राशि प्रदान की है।



# पिरदा के स्वास्थ्य केंद्र और छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोपालपुर

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ के वनांचल क्षेत्र स्थित पिरदा उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली तथा आयुष्मान कार्ड के निर्माण और शेष बचे कार्डों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीपी और शुगर जांच मशीन की भी जांच कराई। इस संबंध में सीएचओ सुषमा काटले ने जानकारी दी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी रजिस्टर का निरीक्षण किया, जिसमें सीएचओ ने बताया कि यहां बीपी, शुगर, बुखार, सर्दी और खांसी के मरीज ज्यादा इलाज के लिए आते हैं। कलेक्टर ने क्षेत्र की गर्भवती माताओं के बारे में भी जानकारी ली। यहां 52 गर्भवती माताएं पंजीकृत हैं। उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद डिलीवरी नहीं होने की जानकारी पर कलेक्टर ने गर्भवती माताओं को डिलीवरी के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने 6 बिस्तर वाले अतिरिक्त कक्ष के बारे में जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि भवन अभी तक हैंडओवर नहीं हुआ है। कलेक्टर ने पिरदा स्थित अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का भी औचक निरीक्षण किया, छात्रावास के संबंध में अधीक्षक श्रीधर सिदार से जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास में बिजली, पंखा, रसोईघर तथा भोजन में उपयोग होने वाले मिर्च मसालों की भी जांच की।



# कलशयात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बगबुड़ा

ग्राम कोरदा में कोमल प्रसाद वर्मा, भाई महावीर वर्मा एवं मोरध्वज के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 12 मार्च से प्रारंभ होकर जो 19 मार्च तक चलेगी। कथा सुबह 10 से प्रारंभ होगा, जो दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम तक चलेगी। कथा वाचक पं. गौरव जोशी है। कथा में परीक्षित जन्म, वाराह अवतार, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, सूर्यवंश वर्णन, कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र की कथा, उद्धव संवाद, चढ़ौत्री, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा।

भागवत कथा प्रारंभ के पूर्व भव्य कलश यात्रा महावीर वर्मा पुत्र जोगेंद्र वर्मा के परिवारजनों एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा निकाली गई। कलश यात्रा घर से प्रारंभ होकर प्रमुख चौक, चौराहा से होकर मंदिर पहुंची। जिसके बाद भागवत की पूजा-अर्चना कर पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। इस मौके पर कथा वाचक पंडित गौरव जोशी नगोई बिलासपुर वाले ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण की जानकारी देते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म ही नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही शुभ कार्यों का उदय होता है। इसको सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बन्धन से मुक्त हो जाता है। उन्होने कहा कि भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। इस दौरान कोमल प्रसाद वर्मा, बिरज बाई वर्मा, महावीर वर्मा, बैसाखिन वर्मा, मोरध्वज वर्मा, गुलाब बाई वर्मा, जोगेंद्र वर्मा, नन्द बाई वर्मा, रवि वर्मा, मृत्युंजय वर्मा, रज्जू वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



# रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए विधायक संदीप

**पलारी।** पवित्र रमजान माह पर गुरुवार को पलारी स्थित मस्जिद में रोजा इफ्तार कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू, मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षदगण नेमसिंह बांधे, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, पुनीत निषाद, शेखर वर्मा, यमलोक साहू,धन्नु साहू,ललित घृतलहरे, साधराम साहू, मुस्लिम समाज सहित नगर के विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार के समय रोज़ेदारों ने एक साथ रोज़ा खोला और देश-प्रदेश में अमन, शांति और तरक्की के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें संयम, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता और अधिक मजबूत होती है।उक्त अवसर पर मुस्लिम जमात के मोहम्मद अली, आजम खान, इस्लाम बेग, फाजल खान, शेरखान,सुल्तान बेग, आज बेग, प्यार बेग, जहान बेग, मुस्तफा बेग, रसीद मोहम्मद, चांद खान, अजब बेग, सुभान बेग, अनवर खान, मुस्तकीम खान, अजमेरखान, तालिब मिर्जा, सोनू खान, अकबरखान मुल्ताज मिर्जा, हाशिम अली, करामात अली, लियाकतदिन असगर अली, सहित मुस्लिम समाज व नगर के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।



# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में दादी हृदय मोहिनी का अव्यक्त दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

स्थानीय ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में दादी हृदय मोहिनी का पांचवां अव्यक्त दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े भाई-बहनों ने एकत्र होकर दादी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ब्रह्माकुमारी सावित्री बहन, बी के सुनीता बहन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दादी के विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन नौ वर्ष की आयु से संस्था में समर्पित कर दिया। वे 1969 से बाप-दादा के अव्यक्त पालना का माध्यम बन कर अथक सेवा कर अपना उच्चतम त्याग का आदर्श प्रस्तुत किया। सुशीला वर्मा ने भी गुलजार दादी को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में विनोद वर्मा, भरत वर्मा, जगराखन धीवर, होमन लाल वर्मा, घना राम यादव, बिंदु बहन, सुलोचना, भोजा, कांति यादव, ओमप्रकाश धीवर आदि उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सिटी कोतवाली परिसर में शांति ज्योति समाजसेवी संस्थान हथबंद तथा महिला पतंजलि योग समिति बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन हुआ, जिसमें समाज सेवा, सुरक्षा, शांति और सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला शक्ति टीम का सम्मान किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, नागरिकों और महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार अपूर्वा सिंह तथा थाना प्रभारी रितेश मिश्रा उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका तथा सुरक्षा और सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला शक्ति टीम बलौदाबाजार का अभिनंदन करते हुए उन्हें समाज सेवा, जागरूकता, शांति व्यवस्था और जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और ऐसे कार्यक्रम समाज को प्रेरित करते हैं।

शांति ज्योति समाजसेवी संस्थान की अध्यक्ष अखिलेश्वरी शुक्ला तथा महिला पतंजलि योग समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज में सेवा, शांति, सहयोग और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है तथा महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अपूर्वा सिंह तथा थाना प्रभारी रितेश मिश्रा का भी सम्मान किया गया।

इस दौरान प्रमोद शुक्ला, अखिलेश्वरी शुक्ला, मीना साहू, कुसुम साहू, दुर्गा यदु, आरती सराफ, सुशील सराफ हिंदू जागरण मंच, हेमंत टिकरिहा भारत स्वाभिमान अध्यक्ष, पतंजलि योग समिति सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

सम्मानित मातृ शक्तियों में अपूर्वा सिंह, रितेश मिश्रा, पुष्पा राठौड़, अन्नपूर्णा बंजारे, अन्नपूर्णा वर्मा, नंदनी वर्मा, सरिता यादव, अंजली साहू, गीत लहरे, परवीन मल्होत्रा, शालिनी ज्योति, उत्तरा निराला, स्वाति साहू, सुषमा पांडे, संध्या वर्मा, स्वाति वर्मा, रजनी पटेल, प्रियंका आजाद सहित महिला शक्ति टीम की अन्य सदस्य शामिल रहीं।



# दो बाइक में भिड़ंत, दोनों चालक हुए घायल

**धमतरी।** नेशनल हाईवे से गुजर रहे दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। घटना में दोनों बाइक के चालक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम चिटौद निवासी महेश्वर साहू पिता रेवाराम उम्र 30 वर्ष बुधवार की रात्रि बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से हेमराज ठाकुर पिता रामविलास उम्र 24 वर्ष तुमगांव महासमुंद निवासी अपनी बाइक से आ रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे में ग्राम चिटौद के पास दोनों बाइक में भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर वरदान संस्था की एम्बुलेंस से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।



## खबर संक्षेप

### पूजा बनीं महिला सुपरिटेंडेंट सीजीपीएससी में हासिल किया 19वां रैंक

**लाहौद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में महिला सुपरिटेंडेंट पद का परिणाम जारी किया गया। इस परीक्षा में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अंतिम छोर पर



बसे छोटे से गांव सोनाडुला की प्रतिभाशाली बेटी पूजा साहू ने शानदार सफलता हासिल करते हुए ओवरऑल रैंक में 19वां तथा महिला वर्ग में 5वां स्थान प्राप्त किया है। निम्न मध्यमवर्गीय किसान परिवार से आने वाली पूजा साहू स्व. केदारनाथ साहू और शांति बाई साहू की पुत्री हैं। उन्होंने यह उपलब्धि अपने कठिन परिश्रम, निरंतर अध्ययन और बलौदाबाजार स्थित पीएससी अकादमी के डायरेक्टर नुकेश सर के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। पूजा साहू अपने गांव से राजपत्रित प्रशासनिक स्तर की सेवा में पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

### नेशनल लोक अदालत 14 को

बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में वर्ष 2026 का पहला नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति माननीय न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के माननीय न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग, समस्त बैंको आदि से संपर्क कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेंटेनेंस धारा के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है ।

### निधन

### ओमेशकांत यादव

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत टोनाटार का



पंच ओमेशकांत यादव 26 वर्ष का 12 मार्च को निधन हो गया। ओमेशकांत यादव प्रभारी प्रधान पाठक नारंतक यादव एवं अनीता देवी यादव के पुत्र और खिलेश्वरी यादव कोमलकांत यादव के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के तालाब पार मुक्तिधाम में किया गया। उनके आकस्मिक निधन से पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# धान घोटाला और अफीम खेती पर भूपेश बघेल का प्रदेश सरकार पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल के भाटापारा प्रवास के दौरान चंदेरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के पश्चात बघेल ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की गतिविधियों और स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान ढेकुना मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उन्हें आशीर्वाद भी प्रदान किया। पत्रकारों द्वारा छत्तीसगढ़ में धान उपार्जन केंद्रों में धान की कमी तथा अफीम की खेती को लेकर पूछे गए सवालों पर श्री बघेल ने राज्य सरकार को घेरते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार में धान खरीदी को लेकर बड़ा घोटाला हुआ है। श्री बघेल के साथ क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव तथा धमतरी विधायक ओंकार साहू भी आए। इस अवसर पर देवव्रत नायक, नारायण कुर्रे, राम गिडलानी, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे, रिंकू भाटिया, श्यामलाल देवांगन, दशरथ चंद्राकर, सुनीता यादव, लाला वर्मा, राजमहंत मोहन गायकवाड, दिनेश साहू, लोकनाथ साहू, अशोक देवांगन, मान्धाता साहू, कोमल टंडन, वीरेंद्र वर्मा, हिम्मत शर्मा, हितेश साहू, समयलाल, हेमलाल साहू, ईश्वर साहू, तुषार मानिकपुरी, भीष्म साहू, शेष नारायण साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की गतिविधियों पर हुई चर्चा



### अफीम की खेती की उच्चस्तरीय जांच की मांग

धान उपार्जन केंद्रों में धान की कमी को चूहों पर डालना सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार को छिपाने का हास्यास्पद बहाना है। हजारों क्विंटल धान गायब हो जाने के बाद उसका दोष चूहों पर मढ़ना किसानों और प्रदेश की जनता के साथ मजाक है। उन्होंने कहा कि सरकार को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अफीम की अवैध खेती के मुद्दे पर भी श्री बघेल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार किसानों का धान ठीक से नहीं खरीद पा रही है, वहीं भाजपा से जुड़े लोग अफीम के अवैध कारोबार के जरिए छत्तीसगढ़ को नशे की ओर धकेलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार गंभीर है तो पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

## बोड़ा और धनसीर के निरीक्षण में जपं सीईओ और ठेकेदार को दिए तत्काल सुधार के निर्देश

# नल-जल योजना से ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने पर कलेक्टर हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने विकासखंड के वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोड़ा और धनसीर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न शासकीय योजनाओं और सुविधाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य सेवाओं और निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी सीधे ग्रामीणों से ली।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बोड़ा में नल-जल योजना की जानकारी लेने के लिए स्वयं ग्राउंड पर पहुंचकर ग्रामीण महिलाओं से चर्चा की। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि पिछले एक महीने से नल से पानी नहीं आ रहा है, जबकि पहले नियमित रूप से पानी मिल रहा था। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को तत्काल पानी चालू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि गांव का नल-जल योजना के तहत सर्टिफिकेशन हो चुका है, इसलिए समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। हैंडपंप मैकेनिक को भी सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कुलाराम सिदार से सीधे चर्चा कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। हितग्राही ने बताया कि उन्हें दो किश्त की राशि मिल चुकी है और चौखट लेवल तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए वे स्वयं वनांचल क्षेत्र में पहुंचकर हितग्राहियों से सीधी बातचीत कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत धनसीर के स्कूल परिसर में डीएमएफ मद से 10 लाख की लागत से निर्मित सांस्कृतिक शेड का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया और निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली। धनसीर में जल जीवन मिशन के तहत 425 घरों में कनेक्शन दिए जाने की जानकारी सरपंच ने दी, लेकिन सभी घरों तक पानी नहीं पहुंचने की बात सामने आई। सरपंच ने बताया कि पाइपलाइन फटने के कारण समस्या हो रही है। कलेक्टर स्वयं ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और पाइपलाइन की स्थिति देखी। पीएचई विभाग ने बताया कि पाइप कम गहराई में डालने के कारण बार-बार फट रहा है।

## कम गहराई में पाइप के बार-बार फटने की शिकायत पर ठेकेदार को नोटिस



### मछली बाजार को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि गुरुवार को अस्पताल के सामने बाजार और पास में मछली बाजार लगता है, जिससे अस्पताल परिसर में असुविधा होती है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को मछली बाजार को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, जिसमें पानी की समस्या सबसे ज्यादा सामने आई। इस पर उन्होंने पीएचई विभाग को विस्तृत जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनसीर का औचक निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनसीर का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टाफ से परिचय लिया और नेत्र परीक्षण कक्ष, चिकित्सक कक्ष, लैब और आयुष्मान कार्ड की स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि यहां 46 प्रकार के लैब टेस्ट किए जाते हैं। साथ ही ओपीडी और आईपीडी की स्थिति तथा प्रसव कक्ष की भी जानकारी ली गई। अस्पताल में महीने में 10 से अधिक डिलीवरी होने की जानकारी दी गई, लेकिन निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन में बरसात के समय सीपेज होने की समस्या सामने आई, जिसकी जानकारी डॉ. योगेश कुमार बरिहा ने दी। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि डॉक्टर कई बार उपस्थित नहीं रहते और कई दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ती हैं। इस पर कलेक्टर ने आपात स्थिति में जीवन दीप समिति के माध्यम से दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार की शाम को बिलाईगढ़ के बंगला भाठा में निर्माणाधीन एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को जल्द शुरू करने और समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और ठेकेदार को बाउंड्रीवाल और मीटिंग हॉल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य को मई माह तक पूर्ण करने तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पुराने तहसील कार्यालय भवन को जल्द डिसमेंटल कर परिसर की सफाई कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अस्पताल भवन में चल रहे रिपेयरिंग और निर्माण कार्य की जानकारी ली और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आईपीडी में भर्ती मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और मरीजों से चर्चा कर इलाज की गुणवत्ता के बारे में पूछा। अस्पताल में उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीजों से भी कलेक्टर ने बातचीत की और डॉक्टरों को मरीजों का बेहतर और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला, एसडीएम प्रफुल्ल रजक, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार कमलेश सिदार, जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान उपस्थित थे।

- मरीजों से जाना स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल, बेहतर इलाज के निर्देश

## माध्यमिक स्कूल ने 8वीं के छात्रों को दी विदाई



**खरोरा ।** पूर्व माध्यमिक शाला आलेसुर में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक युधिष्ठिर बुड़ेक ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जीवन में अनुशासन, परिश्रम तथा लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक चंद्रशेखर रात्रे और नरेंद्र कुमार साहू ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव होती है और सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए।समारोह में संकुल केंद्र पचरी से आए शिक्षक प्रकाश चंद गिलहरे और धीरेंद्र कुमार वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर ग्रामवासी चंदन वैष्णव द्वारा विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों के लिए भव्य न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच लीकेश्वरी वर्मा, उपसरपंच दामनीकांता वर्मा, महिला समूह की अध्यक्ष द्रौपदी वर्मा, सचिव मंजू यादव सहित पालकगण मदालसा वैष्णव, डॉ. हरीश वैष्णव, मंजू एवं अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भागवत कथा में हुई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

ग्राम मोतीपुर में राधाकृष्ण महिला समूह द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस गोवर्धन पूजा हुईं। कथा का प्रारम्भ भगवान की बाल लीलाओं से प्रारम्भ हुआ, जिसमें आचार्य पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने भगवान द्वारा पूतना का संहार, तृणावर्त का उद्धार दामोदर लीला सहित बकासुर, अघासुर, के वध की कथा सहित कथा मे छुपे हुये सभी गूढ़ तत्वों को समझाते हुए वर्णन किया गया आगे माखन चोरी की लीला गौ चारण की लीला उसके बाद कालिया मर्दन की कथा आगे गोवर्धन लीला की कथा कही गई, जिसमे गोवर्धन की पूजा परिक्रमा सभी भक्तों ने नाच गाकर पूरे भक्तों ने आनंद लिया गोवर्धन भगवान को छप्पन भोग लगाए गए



बाद मे सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कृष्ण प्रकट उत्सव के दिन चतुर्थ दिवस की दोनों समय की भोजन व्यवस्था यजमान धनीराम श्रीवास एवं उनके परम मित्र डा. नारायण वर्मा द्वारा रखी गई थी। पंचम दिवस की व्यवस्था समिति द्वारा रखी गई पूरा गांव भक्तिमय वातावरण से ओत प्रोत है। मोतीपुर मे समिति द्वारा यह भागवत कथा का तृतीय वर्ष है पूरे गांव मे हर्षोल्लास का वातावरण है।

## कोटवार संघ ने चुना अपना पदाधिकारी

**गोपालपुर।** कोटवार एसोसिएशन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जिला प्रतिनिधि एवं समस्त तहसीलों के प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इसमें सर्व सहमति से सभापति, संचालक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। गिरधारी लाल चौहान सभापति, सोहन लाल मानीकपुरी अध्यक्षता, दिलीप दास महंत संचालक विशेष अतिथि गौतम दास महंत जिला उपाध्याय, उक्त इन अतिथि के मार्गदर्शन में चुनाव हुआ। शंकर दास मानिकपुरी, संरक्षक मनहरन दास निर्वाचित पदाधिकारी, धनीदास मानिकपुरी अध्यक्ष सारंगढ़ तहसील, गीरधारी चौहान उपाध्याय बरमकेला तहसील, किर्तन दास कोषाध्यक्ष सारंगढ़, नौतम दास महंत सचिव सरसीवां तहसील, दया राम चौहान उपाध्याय सरिया तहसील, दिलीप दास महंत महामंत्री सारंगढ़, शंकर दास सरंक्षक बिलाईगढ़, हरीशंकर चौहान सलाहकार बरमकेला, महिला उपाध्याय हेमकुंवर चौहान, गंगा बाई चौहान, शारदा मानिकपुरी शामिल हैं। सदस्य गढ़ शुकवारा, मिरा बाई सारथी, लक्ष्मीन चौहान, ज्योति चौहान, नितू, राम बाई, प्रेम दास अध्यक्ष कोसीर, मंथीर दास भटगांव, छत राम चौहान बिलाईगढ़, दया राम चौहान सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जन प्रतिनिधियों ने बधाई दी।

## अधोसंरचना मद से शहर में विकास के लिए करोड़ों की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा नगर पालिका परिषद को विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद के अंतर्गत नगर के सर्वांगीण विकास हेतु करोड़ों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे शहर के बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।



जारी आदेशों के अनुसार, भाटापारा नगर पालिका को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न चरणों में अनुदान राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें 47 विकास कार्यों हेतु के लिए 350.32 लाख की स्वीकृति, 8 नए विकास कार्यों हेतु 275.00 लाख की स्वीकृति। इससे पूर्व भी अधोसंरचना मद के तहत 500.00 लाख की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विश्वास दिलाया कि स्वीकृत राशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा, ताकि भाटापारा नगर के नागरिकों को बेहतर सड़कें, बिजली और अन्य नागरिक सुविधाएं मिल सकें।

नगर का विकास हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। मेरा सभी नागरिकों से विनम्र अनुरोध है कि नगर पालिका से संबंधित अपने सभी करों का भुगतान समय पर करें, ताकि विकास की यह गति निरंतर बनी रहे। साथ ही, शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए 'डोर-टू-डोर' कचरा कलेक्शन गाड़ी में ही कचरा डालें और स्वच्छता मित्रों का सहयोग करें।

## विधायक कविता प्राण लहरे ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाया मुद्दा

# आयुष्मान योजना में इलाज नहीं मिलने का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को इलाज नहीं मिलने का गंभीर मामला बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में जोर-शोर से उठा। इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय को बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सदन में उठाते हुए सरकार का ध्यान प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में आ रही गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित किया।

विधायक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीब, किसान, मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। लेकिन वर्तमान समय में प्रदेश के कई जिलों में इस योजना का लाभ हितग्राहियों को सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है।

### कई अस्पतालों में बंद हो रहा इलाज

सदन में इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पक्षों के विधायकों ने भी चिंता व्यक्त की। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अमर अग्रवाल ने इसे जनहित से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश के कई बड़े अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज नहीं कर रहे हैं, जिससे मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ रहा है।

### इलाज से मना कर रहे निजी अस्पताल



उन्होंने सदन में कहा कि प्रदेश के कई बड़े निजी अस्पताल आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों का इलाज करने से मना कर रहे हैं, जिससे गरीब मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई मरीजों को इलाज के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल तक भटकना पड़ रहा है। यह स्थिति विशेष रूप से उन गरीब परिवारों के लिए बेहद दुखद है, जिनके पास निजी इलाज कराने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन नहीं हैं।

### सरकार कार्रवाई करे : धर्मजीत सिंह

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि सरकार चाहे तो अस्पतालों पर आवश्यक दबाव बनाकर योजना के अंतर्गत इलाज की सुविधा सुनिश्चित कर सकती है। वहीं विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि अस्पतालों पर कार्रवाई करने का अधिकार सरकार के पास है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि गरीबों को बड़े अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिले।

### गरीब मरीजों पर पड़ रहा असर

विधायक कविता प्राण लहरे ने सदन को बताया कि अस्पताल संचालकों का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत किए गए इलाज का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण कई निजी अस्पताल योजना के अंतर्गत मरीजों का इलाज करने से पीछे हट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक रूप से वे योजना के तहत इलाज करने में असमर्थ होंगे, जिसका सीधा असर गरीब मरीजों पर पड़ रहा है।

### निजी अस्पतालों का 500 करोड़ भुगतान बकाया

इस विषय पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि निजी अस्पतालों का लगभग 500 करोड़ रुपये का भुगतान अभी बकाया है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह तक की राशि का भुगतान कर दिया गया है, लेकिन शेष भुगतान अभी किया जाना बाकी है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर विभागीय समीक्षा कर अधिक से अधिक अस्पतालों में आयुष्मान योजना का लाभ सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

